कार्यालय वन मण्डलाधिकारी, सामान्य वनमण्डल, मुरैना (म.प्र.)

ए.बी. रोड, फारेस्ट कालोनी, मुरैना
फोन नं. 07532-234742,E-mail – dfotmorena@mp.gov.in

क्रमांक/मा.चि./23/ 529 मुरैना, दिनांक/ 30-01-23

प्रति,

कार्यपालन यंत्री,

लोक निर्माण विभाग, संभाग क्रमांक 1, ग्वालियर।

विषयः- ग्वालियर एवं मुरैना जिले के अंतर्गत सिकरावली से धोवनी मार्ग निर्माण में वनमण्डल मुरैना की प्रभावित वन भूमि रकवा 1.54 हे. क्षेत्र के उपयोग की अनुमति बावत्।

संदर्भ - 1. इस कार्यालय के पत्र क्र./मा.चि./23/72 दिनांक 04/01/2023।

----00----

विषयांतर्गत संदर्भित पत्र द्वारा ग्वालियर एवं मुरैना जिले के अंतर्गत सिकरावली से धोवनी मार्ग के निर्माण मे वनमण्डल मुरैना की प्रभावित वन भूमि कक्ष क्र. पी-217 वन खण्ड धोबिनी बीट-कन्हार रकवा 1.54 है. वन भूमि व्यपवर्तन हेतु अनुमति बावत् प्रस्ताव वन संरक्षण अधिनियम 1980 के तहत परिवेश पोर्टल पर ऑनलाइन प्रस्ताव क्र. FP/MP/ROAD/45373/2020 इस कार्यालय को प्राप्त हुआ है।

उक्त प्रस्ताव की परिवेश पोर्टल पर भाग-2 की पूर्ति की जाकर वरिष्ठ कार्यालय को प्रेषित किया जाना है। **ऑनलाइन परिवेश पोर्टल पर उक्त प्रस्ताव के भाग-2 अंतर्गत साइट इंस्पेंक्सन रिपोर्ट मय सक्षम अधिकारी द्वारा किये गये मौका स्थल निरीक्षण के फोटोग्रफ्स संलग्न कर अपलोड की जाती है।** जिसके संबंध में इस कार्यालय के पत्र क्र./मा.चि./23/72 दिनांक 04/01/2023 से प्रस्तावित मार्ग निर्माण कार्य में प्रभावित हो रहे वनक्षेत्र का मौका स्थल निरीक्षण किये जाने हेतु आपको लेख किया गया था। किंतु आपके द्वारा आज दिनांक तक अधोहस्ताक्षरकर्ता अथवा इस कार्यालय से कोई भी सम्पर्क स्थापित न कर निरीक्षण दिनांक नियत नही की गई। जिसके परिणामस्वरूप उपरोक्त प्रस्ताव में अनुमति संबंधी आगामी कार्यवाही आपके स्तर पर लंबित है।

अतः उक्त के संबंध में आपको पुनः लेख किया जाता है कि प्रस्तावित मार्ग निर्माण कार्य में प्रभावित हो रहे वनक्षेत्र का मौका स्थल निरीक्षण किये जाने हेतु अधोहस्ताक्षरकर्ता से शीघ्र सम्पर्क स्थापित कर दिनांक नियत किया जाना सुनिश्चित करे। जिससे मौका स्थल निरीक्षण उपरांत इस कार्यालय द्वारा उपरोक्त प्रकरण के संबंध में अनुमति संबंधी आगामी कार्यवाही की जा सके। **अन्यथा की स्थिति में इस कार्यालय द्वारा ऑनलाइन परिवेश पोर्टल पर उक्त प्रस्ताव अंतर्गत ई.डी.एस किये जाने के लिये बाध्य होना पड़ेगा।**

वन मण्डलाधिकारी
वनमण्डल मुरैना

पृ.क्र./ मा.चि./23/ 530 मुरैना, दिनांक/ 30-01-23

प्रतिलिपि,

1. प्रधान मुख्य वन संरक्षक (कक्ष भू प्रबंध), सतपुडा भोपाल की ओर सूचनार्थ संप्रेषित।
2. मुख्य वन संरक्षक, ग्वालियर, वृत्त ग्वालियर की ओर सूचनार्थ प्रेषित।
3. कलेक्टर, जिला मुरैना की ओर सूचनार्थ प्रेषित।
4. वनमण्डलाधिकारी, वन मण्डल ग्वालियर की ओर सूचनार्थ ।
5. मुख्य अभियंता, लोक निर्माण विभाग उत्तर परिक्षेत्र ग्वालियर की ओर सूचनार्थ प्रेषित।
6. अनुविभागीय अधिकारी ,लोक निर्माण विभाग पथ उपसंभाग ग्वालियर की ओर ओर सूचनार्थ प्रेषित।

वन मण्डलाधिकारी
वनमण्डल मुरैना

E:\Raghvendra\To Other Dept\General_Letters.Docx301